जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/स्था/2022/5200 दिनांक 14/3/2022

// अधिसूचना //

कार्यालय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा (ग्वालियर एवं चम्बल संभाग) मोतीमहल, ग्वालियर के पत्र अनुसार लेखा प्रशिक्षण सत्र 01 अप्रेल 2022 में प्रवेश हेतु आवेदन अग्रेषित किये जाने है। आवेदन जमा किये जाने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2022 निर्धारित है। मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय में लिपिक कर्मचारियो को भी प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश हैं, यदि कार्यरत कर्मचारी लेखा प्रशिक्षण प्राप्त करेगें तो कार्यालय के लेखे में सुधार की सम्भावना अधिक होगीं एवं लिपिक भी नवीनतम लेखा पद्धति से परिचित होगें।

इस संबंध विश्वविद्यालय के समस्त विभागाधिकारियो को सूचित किया जाता है, कि वे अपने अधीनस्थ लिपिकीय संबर्ग के कर्मचारियो को प्रेरित करे कि कार्यालय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा मोती महल एवं शासन के निर्देशानुसार ये प्रशिक्षण प्राप्त करे।

कार्यालय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा मोती महल से प्राप्त सलंग्न आवेदन पत्र एवं लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश प्रक्रिया की प्रति संलग्न हैं।

विभागाध्यक्ष अपने अधीन कर्मचारी का आवेदन अंतिम तिथि से पहले प्रशासन विभाग में प्रस्तुत करे। जिससे निर्धारित समय सीमा में आवदेन पत्र कार्यालय प्रमुख द्वारा अग्रेषित कर संबंधित विभाग की ओर भेजे जा सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष /विभागाधिकारी/अनुभाग अधिकारी/अधीक्षक एवं कर्मचारी, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
2. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. सहायक कुलसचिव (लेखा), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहायक कुलसचिव (प्रशासन), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (प्रशा0)

1602